# कानपुर नोड डिफेंस कॉरिडोर का अग्रणी निवेश केंद्र

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का कानपुर नोड 12,800 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के साथ एक प्रमुख निवेश केंद्र के रूप में उभरा है। इनमें जेनसर एयरोस्पेस एंड आईटी 3,000 करोड़ रुपये के निवेश से 2+7 सीटर लाइट बिजनेस जेट परियोजना लगाएगी।

अनंत टेक्नोलॉजीज जियो उपग्रह निर्माण के लिए 2,000 करोड़ रुपये और लियो उपग्रह निर्माण के लिए 1,500 करोड़ का निवेश करेगी।

अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा 2,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करने की योजना है। इसी कारण कानपुर नोड ने रक्षा निवेश के लिए अग्रणी क्षेत्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है, यहां कुछ कंपनियां पहले ही उत्पादन शुरू कर चुकी हैं। यूपीडा द्वारा दिसंबर में जारी रिपोर्ट के अनुसार, कानपुर नोड में अब तक 12,803.58 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, और 210.60 हेक्टेयर भूमि उद्योगों को आवंटित की गई है।

## इनका कहना है

इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि कानपुर नोड, उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर, प्रदेश के आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयां दे रहा है। यह भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## कानपुर क्षेत्र में प्रस्तावित परियोजनाएं...

- लोहिया एयरोस्पेस सिस्टम्स 370 करोड़ के निवेश से एयरोस्पेस कंपोजिट सेंटर स्थापित करेगी
- नेत्रा ग्लोबल का तोपखाने के गोले बनाने के लिए 360 करोड़ का निवेश
- लाधानी समूह की वृंदावन बॉटलर्स कानपुर क्षेत्र में प्लांट के लिए 225 करोड़ रुपये का निवेश करेगी
- एमएसके बिजनेस सॉल्यूशंस का कानपुर में रडार और एवियोनिक्स बनाने के लिए रूसी ओईएम के साथ संयुक्त उद्यम में 120 करोड़ रुपये का निवेश
- राफे एमफिब्र प्राइवेट लिमिटेड कानपुर में 100 करोड़ रुपये के निवेश से ड्रोन हब स्थापित करेगी